राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम के अंतर्गत ओडिशा से आए युवाओं से राज्यपाल ने किया संवाद

## विविधताओं से भरा भारत सांस्कृतिक रूप से एक – राज्यपाल

जयपुर, 12 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम कार्यक्रम के दूसरे चरण के अंतर्गत ओडिशा से आए युवाओं ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इन युवाओं से संवाद के दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि विविधताओं से भरा भारत सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से एक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवा सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे के नजदीक आते हैं और उन्हें भिन्न–भिन्न राज्यों की भाषा–बोली, खान–पान, सभ्यता–संस्कृति को जानने–समझने का अवसर मिलता है।

युवाओं द्वारा संविधान उद्यान के बारे में उत्सुकता व्यक्त किए जाने पर राज्यपाल ने कहा कि संविधान की संस्कृति के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से राजभवन में यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को संवैधानिक अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

ओडिशा से आए इन युवाओं ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने संविधान लागू होने के विभिन्न चरणों से जुड़े कला रूपों को देखा और इसे अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए सराहना की।

——

## राज्यपाल से केन्द्रीय मंत्री श्री वर्मा की मुलाकात

जयपुर, 12 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

——